दिन–शनिवार दिनांक– 19 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून अधिवेशन से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। मॉनसून अधिवेशन इक्कीस जुलाई से इक्कीस अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और इसे पारित कराए जाने की उम्मीद है।

———————————————————————

डाक विभाग ने अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन शुरू करने की घोषणा की है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर उपयोग, तेज़ सेवा और अधिक ग्राहक–अनुकूल इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है।

———————————————————————

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक चौरानवे दशमलव छह–आठ प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सात करोड़ अड़तालीस लाख से अधिक गणना फार्म एकत्र किए गए हैं। आयोग ने कहा कि अब केवल पांच दशमलव दो प्रतिशत मतदाताओं को ही अपने फार्म जमा कराने हैं। आयोग के अनुसार अब तक एक दशमलव छह–एक प्रतिशत मतदाता मृत पाए गए हैं। दो दशमलव तीन प्रतिशत मतदाता स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और चार दशमलव छह–सात प्रतिशत मतदाता अपने पते पर नहीं पाए गए।

———————————————————————

मॉनसून की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज राज्य के पूर्वी और उत्तर–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, अधिकतम

और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है। राज्य के उत्तरी भाग के जिलों के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है।

———————————————————————————

गंगा, फल्गु, दरधा और कररूआ नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से पटना, गयाजी और जहानाबाद जिले के कई निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। पटना के धनरूआ से होकर गुजरने वाली दरधा नदी का तटबंध पांच जगह पर और कररूआ नदी का तटबंध दो जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इधर, दनियावां के मसनदपुर टाल में जमींदारी बांध टूट गया है, इससे हजारों बीघा खेत जलमग्न हो गये हैं। गंगा नदी में उफान से पटना के दियारा इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। फल्गु नदी के जलस्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से जहानाबाद जिले के पचास से अधिक गांव प्रभावित हुये हैं। गयाजी में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न गंगा घाटों पर नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने दानापुर के नासरीगंज और जे.पी. गंगा पथ से नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल सुरक्षात्मक उपाए करने को कहा है। उन्होंने कहा कि नदी के जलस्तर में अभी और बढ़ोतरी संभावित है, जिसे देखते हुए निचले इलाकों में राहत और बचाव के कार्य तेजी से चलाए जायें।

———————————————————————————

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली और जीविका, बिहार की ओर से पटना के अधिवेशन भवन में महिला सहभागिता से विकसित बिहार विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, गिरिराज सिंह और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत कई गणमान्य लोग भाग ले रहे हैं।

———————————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पहली इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट का आयोजन आज से शुरू हो गया है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक, रवींद्रन शंकरन ने कहा है कि पूरे देश के चार सौ से अधिक एथलीट इस प्रतियोगिता

में भाग ले रहे हैं। एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लंबी और मध्यम दूरी की दौड़, स्प्रिंट, रिले रेस, स्टीपलचेज, लंबी कूद, ऊंची कूद, ट्रिपल जंप की स्पर्धाएं होंगी। पोल वॉल्ट, शॉटपुट और डिस्कस थ्रो, हैमर या जेवलिन थ्रो, डेकाथलॉन, हेप्टाथलॉन, मैराथन और हाफ मैराथन सहित अन्य स्पर्धाएं भी आयोजित की जायेंगी। एथलेटिक्स मीट का आयोजन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण संयुक्त रूप से कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।